Title: Need to provide financial assistance to State Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by drought in the State - Laid..

12.45 hrs.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): महोदय, राजस्थान में इस बार वर्षा नहीं होने के कारण अधिकांश जिलों में घोर अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पीने के पानी का भी संकट कई गांवों और ढाणियों में हो गया है। चारे के अभाव में पशु भी मर रहे हैं। रोजगार और कार्य के अभाव में ग्रामीण जन-धन्धे और काम की तलाश में राज्य के बाहर जाने को विवश हो रहे हैं। राजस्थान सरकार संसाधनों के अभाव में कुछ भी कार्यवाही नहीं कर पा रही है। यदि समय रहते इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई तो हालात और भी ज्यादा खराब हो जाएंगे।

अतः केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि समुचित आर्थिक संसाधन जुटाकर राज्य सरकार को अविलम्ब निर्देश देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अकाल राहत कार्य प्रारम्भ करवाए जाएं। हर हाथ को काम दिया जाए तथा पशुधन के लिए सस्ती दरों पर चारे की व्यवस्था कराई जाए।

---

*Treated as Laid on the Table of the House.

<